कार्यालय महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।
ई–मेलः–dghealth.uttarakhand@gmail.com,दूरभाषः–0135–2608763,फैक्सः–0135–2608746

संख्या–21प / सा0 / आई0टी0सेल / 21 / 2019 8002 दिनांक– 12 मार्च, 2024

सेवा में,

निदेशक,
सूचना प्रौद्योगिक एवं विकास एजेन्सी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– **विभागीय वेबसाइट के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया आपके पत्र संख्या NIC/USU/11863/2024 दिनांक 16–02–2024 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया था कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय उत्तराखण्ड की वेबसाईट (https://health.uk.gov.in/) जिसे एन० आई०सी० के माध्यम से बनाया गया था, जिसमे लगभग 10 वर्षों से एन० आई० सी० द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है एवं समय समय पर एन० आई० सी० द्वारा सिक्युरिटी Patches मे भी लगाए जा रहे हैं। उक्त वेबसाईट की तकनीक अब पुरानी हो गई है जिस कारण अब इसका ऑडिट एवं अपग्रेड कराया जाना संभव नहीं है, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से अब इसको चलाया जाना उचित नहीं होगा। साइबर सिक्युरिटी डिवीजन द्वारा इस के लिए निरंतर चेतावनी दी जा रही है, एवं वेबसाईट को 31–03–2024 के बाद कभी भी बंद किया जा सकता है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी संज्ञान में लाना है कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय उत्तराखण्ड की वेबसाईट को निरन्तर चलाया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

अतः आपसे अनुरोध है कि पूर्व में आपके द्वारा प्रदान किये गये नवीन टेंपलेट/वेबसाईट का Credential प्रदान करने का कष्ट करें, जिसका चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय द्वारा सिक्युरिटी आडिट कर, नवीन टेंपलेट पर महानिदेशालय की वेबसाईट का कन्टेन्ट अपलोड किया जा सके।

भवदीया,

महानिदेशक

भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
एन आई सी उत्तराखंड राज्य एकक
सचिवालय परिसर, सुभाष रोड, देहरादून

पत्रांक : NIC/USU/11863/2024

दिनांक: 16-02-2024

सेवा में,

महानिदेशक
चिकित्सा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण
महानिदेशक स्वास्थ्य सेवा निदेशालय
ग्राम डांडा लाखोंड
पी.ओ. देहरादून के राजीव गांधी खेल मैदान के पास
गुजरा सहस्त्रधारा रोड उत्तराखंड, भारत

विषय : विभागीय वेबसाईट के संबंध में।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि आपके विभाग/कार्यालय की वेबसाईट (https://health.uk.gov.in/) एन०आई०सी० के माध्यम से बनाई गयी थी, जिसमे लगभग 10 वर्षों से एन० आई० सी० द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है एवं समय समय पर एन० आई० सी० द्वारा सिक्युरिटी patches भी लगाए जा रहे हैं। आपके संज्ञान में लाना है कि उक्त वेबसाईट की तकनीक अब पुरानी हो गई है जिस कारण अब इसका ऑडिट एवं अपग्रेड कराया जाना संभव नहीं है, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से अब इसको चलाया जाना उचित नहीं होगा। इस संबंध में आपको पूर्व में भी पत्र सं 10298/NIC/USU/2020 दिनांक 08-09-2021,पत्र सं NIC/USU/11035/2022 दिनांक 14-11-2022 एवं ईमेल द्वारा अवगत कराया जा चुका है।। साइबर सिक्युरिटी डिवीज़न द्वारा इस के लिए निरंतर चेतावनी दी जा रही है, एवं उनके द्वारा इस वेबसाईट को 31-03-2024 के बाद कभी भी बंद किया जा सकता है।

मुख्य सचिव महोदय द्वारा भी सभी विभागो को अपनी वेबसाईट अपग्रेड एवं ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए हैं (पत्र संलग्न)। अतः आप जल्द से जल्द अपने स्तर से वेबसाईट को अपग्रेड कराने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

1339

N.O. IT cell

27/02/2024

भवदीय,
मनीष वालिया 16.2.24
मनीष कुमार वालिया
वरिष्ठ निदेशक(आई०टी०)
एन०आई०सी० उत्तराखण्ड

प्रतिलिपिः-

1. सचिव(आई० टी०), उत्तराखण्ड सचिवालय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. एस० आई० ओ०, एन० आई० सी०, उत्तराखण्ड को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्री राजीव जोशी, प्रोजेक्ट/सेक्टर कोऑर्डिनेटर एन० आई० सी०,उत्तराखण्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।